Sc

Seat No________ No. of Printed Pages:2

(24)

# SARDAR PATEL UNIVERSITY
## B.A (IV Semester ) EXAMINATION
## TUESDAY 16th APRIL 2019
## 02.00 P.M. TO 05.00 P.M.
## UAO4CHLTO8 HINDI KAVITA BHAG-II
## काव्यायन

कुल गुण:७०

सूचनाः हिन्दी में शिरोरेखा करना अनिवार्य हैं।

**प्र:१ ससंदर्भ व्याख्या काजिए। (कोई भी तीन)** (१५)

(अ) "नोकों से उठती जल हिलोर,
हिल पडते नभ के ओर-छोर!
विस्फरित नयनों से निश्चल कुछ खोज रहे चल तारक दल
ज्योति कर नभ का अन्तस्तल,
जिनके लघु दीपों को चंचल,अंचल की ओट किये अविरल
फिरती लहरें लुक छिप-पल-पल।"

(आ)" स्तब्ध ज्योत्सना में जब संसार
चकित रहता शिशु - सा नादान,
विश्व की पलकों पर सुकुमार
विचरते हैं जन स्वप्न अजान,
न जाने नक्षत्रों से कौन
निमंत्रण देता मुझको मौन।"

(इ)"शान्त स्निग्ध ज्योत्सना उज्वल
अपलक अनंत नीरव भूतल!
सैकत-शैया पर दुग्ध-धवल तन्वंगी गंगा,ग्रीष्म-विरल
लेटी है श्रान्त,क्लांत निश्चल!
तापस-बाला गंगा निर्मल,शशि मुख से दीपित मृदु करतल
लहरें उर पर कोमल कुन्तल! "

(ई)"भारत माता
ग्रामवासिनी
खेतों में फेला है श्यामल
धूल भरा मैला सा आँचल
गंगा-यमुना में आँसू जल मिटी की प्रतिमा उदासिनी"

(उ)"यह मनुज ज्ञानी श्रृंगालों कुक्करों से हीन
हो किया करता अनेकों क्रूर कर्म कलीन
देह लड़ती नहीं हैं जुझते मन प्राण,
साथ होते ध्वंस में इसके कला विज्ञान
इस मनुज के हाथ से विज्ञान के भी फूल
वज्र होकर छूटते शुभ धर्म अपना भूल।"

पीछे देखिये ☞

प्र.२ 'दिनकर' राष्ट्रीय काव्यधारा के कवि है,- समझाइए। (२०)

**अथवा**

**प्र.२ टिप्पणी लिखों।**

१.'मैं नीर भरी दु:ख की बदली' कविता का भाव।
२.'प्रथम रश्मि' कविता का मूल भाव।

प्र.३ सुमित्रानंदन पंत के काव्य-सौंदर्य का परिचय दीजिए। (२०)

**अथवा**

**प्र.३ टिप्पणी लिखों।**

१.'नौका विहार' काव्य का मूल भाव।
२.'निष्ठुर परिवर्तन' काव्य का भावार्थ।

प्र.४

(क) **टिप्पणी लिखों। (कोई भी एक)** (८)

१.'भारतमाता' कविता में कवि का देशप्रेम।
२.'धीरे-धीरे उतर क्षितिज से' कविता का मूल भाव।

(ख) **अतिलघुत्तरी प्रश्न के उत्तर दीजिए। (कोई सात)** (७)

(१) महादेवी ने कौन सी पत्रिका का संपादन किया था?
(२) पंतजी को 'भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार' किस रचना पर मिला?
(३) दिनकर की विनय पत्रिका किसे कहा जाता है?
(४) महादेवी वर्मा को अन्य किस नाम से जाना है?
(५) महादेवी वर्मा की चार काव्य-कृतियों के नाम लिखों।
(६) पंत जी ने किस पत्रिका का संपादन किया?
(७) महादेवी वर्मा ने किन संस्थाओं की स्थापना की है?
(८) दिनकर की चार काव्य कृतियों के नाम लिखों।
(९) 'रश्मिरथी' काव्य महाभारत के किस पात्र पर आधारित है?

— + —

(2)